संक्षिप्त

मीटिंग आयोजित

भरतपुर (निस)। भरतपुर चौम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की मीटिंग का आयोजन चौम्बर भवन नई मंडी में किया गया। जिसमे सर्प्रथम अध्यक्ष कृष्ण मुरारी अठावाल द्वारा सभी का स्वागत एवं अभिनदंन किया गया। महामंत्री राहुल बंसल द्वारा गत मीटिंग में दिए गए प्रस्ताव और निर्णय की जानकारी दी गयी। मीटिंग में कोषाध्यक्ष द्वारा नए मेंबर और आय व्यय की जानकारी दी गयी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा टी टी जेड क्षेत्र में पोल्लुशण दवब पर लगयी गयी रोक के लिए सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष रखने और राहत के लिए वकील नियुक्त करने की चर्चा की गयी। राज्य और केंद्र सरकार द्वारा इसमें मदद करने के लिए मुख्यमंत्री,स्थानीय विधायक और सांसद के साथ केंद्रीय मंत्री से मिलने के लिए एक प्रतिनिधि मंडल बनाया जाए इसके अध्यक्ष को कमेटी बनाने के लिए बोला गया। चैम्बर भवन के नवनीकरण और चौम्बर भवन का कुछ हिस्सा किसी बैंक या सरकारी मीटिंग में ओमप्रकाश सिंघल ,किशोर खंडेलवाल ,शंकरलाल अठावाल ,सुभाष जिंदल ,प्रितेश गर्ग ,रुपेश बंसल ,राकेश मित्तल ,रविंद्र गोयल ,अमित सिंघल उपस्थित रहे। मीटिंग का संचालन और धन्यवाद महामंत्री राहुल बंसल द्वारा किया गया।

योगाभ्यास किया

भरतपुर (निस)। अनंत महिला शक्ति भरतपुर द्वारा गुरूवार को कृष्णा नगर पार्क के मंदिर प्रांगण में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। अनंत शक्ति अध्यक्ष पूनम चौधरी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं नियमित योग अभ्यास को बढ़ावा देना है। योग से शारीरिक विकास होता है व मानसिक व आध्यात्मिक शान्ति मिलती है। पंतजलि योग के स्वास्थ्य लाभों को देखते हुए यह पूरे विश्व में प्रचलित हुआ है। कार्यक्रम योग प्रशिक्षक मुनेश चौधरी के निर्देशन में संपन्न हुआ। उन्होंने सरल व प्रभावी आसनों का अभ्यास कराते हुए योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों के बारे में बताया। संगठन द्वारा उनका पटका पहनाकर व मोमेंटो देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में महिलाओं ने योग की विभिन्न विधाओं को सीखा। कार्यक्रम में सचिव साधना, कोषाध्यक्ष आशा राज, प्रतिभा सिंह, रेनू सोइन, साधना शर्मा, रितु चौहान, राखी सहित 40 महिलाएं उपस्थित रही।

डागुर बने विभाग संयोजक

हिंडौन सिटी। करौली जिले की उपतहसील शेरपुर निवासी योगेंद्र डागुर को एबीवीपी सवाई माधोपुर विभाग संयोजक का दायित्व दिया गया है। एबीवीपी के जयपुर प्रान्त का अभ्यास वर्ग दिनांक 13 जून से 16 जून 2025 को सीकर में आयोजित हुआ, जिसमें प्रान्त अध्यक्ष डॉ जिनेश जी ने संगठन के प्रशासन की दृष्टि से प्रान्त के विविध दायित्वों की घोषणा की। योगेंद्र डागुर छात्र जीवन में 2019 से अभाविप के संपर्क में आए और 2020 से लगातार दायित्ववान है डागुर अब सवाई माधोपुर,गंगापुर, करौली जिलों में विभाग संयोजक की भूमिका में कार्य करेंगे इससे पूर्व परिषद में इकाई अध्यक्ष नगर मंत्री, जिला समिति सदस्य, जिला संयोजक जैसे दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। गत 2023 मे जिला संयोजक बनने के बाद संगठन कार्य में अच्छा योगदान दिया

4 घण्टे बंद रहेगी बिजली सप्लाई

करौली । करौली जिला मुख्यालय पर मरम्मत कार्य होने के कारण आज शुक्रवार को प्रातः करौली सिटी सहित ग्रामीण क्षेत्रो मे 4 घण्टे बिजली सप्लाई बंद रहेगी। 132 के0वी0 जी0एस0एस0 के सहायक अभियंता कुलदीप कुमार उपाध्याय ने बताया कि राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड करौली पर रख रखाव एवं मरम्मत कार्य हेतु आज शूक्रवार को 132 केवी सव स्टेशन करौली से निकलने वाले फीडर 132 केवी मण्डरायल,33 एवं 11 ग्रामीण व शहरी फीडर जैसे कि 33 केवी गुडला,चैनपुर,फतेहपुर,सायपुर,मण्डरायल,करौली सिटी एवं 11 केवी फीडर रीको,दीपपुरा, मैगजीन,हिण्डौन गेट,शिकारगंज,स्टेडियम आदि फीडरो की प्रातः 5:30 बजे से 9:30 बजे तक सप्लाई बंद रहेगी।

योग समारोह का आयोजन

भरतपुर (निस)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को होम्यो आयुष्मान आरोग्य मंदिर पपरेरा डीग द्वारा योग समारोह का आयोजन किया जा रहा है डीग जिले के पपरेरा कस्बा में आंगनबाड़ी के सामने ग्रामंड पर सुबह प्रातः7 से 8 बजे तक किया जाएगा। यह जानकारी होम्यो डॉक्टर एकता अठावाल ने दी।

विधायक डॉ. गर्ग ने जल भराव की समस्या से निजात दिलाने के कलक्टर को निर्देश दिये

- रीको ओवर ब्रिज कार्य पूर्ण होने तक वैकल्पिक मार्ग बनाने पर भी दिया जोर।

भरतपुर (निस)। शहर में गत दिवस हुई बरसात से कई स्थानों पर हुये जल भराव से आम जन को हो रही परेशानी को लेकर पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने जिला कलक्टर एवं नगर निगम आयुक्त से पम्प सेट लगवाकर जल निकासी की व्यवस्था कराने को कहा है साथ ही आये दिन होने वाली जलभराव की परेशानियों से निजात दिलाने के लिये आपदा टीम का गठन कर त्वरित कार्यवाही कर स्थानीये लोगों को राहत प्रदान करने पर जोर दिया है। इसके अलावा रीको रोड पर ओवर ब्रिज बनाने के लिये किये जा रहे कार्य से आवागमन में लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुये वैकल्पिक मार्ग बनाने के लिये भी जिला कलक्टर को कहा गया है।

डॉ. गर्ग ने जिला कलक्टर एवं नगर निगम आयुक्त से कहा है कि गत दिवस भरतपुर शहर में हुई बरसात से शहर के नमक कटरा, आदर्श नगर कॉलोनी, चादपाल गट, गणश नगर, आनन्द नगर, दुर्गा नगर, तिलक नगर, पैराडाइज कॉलोनी, गिरीश बिहार, पुष्प वाटिका कॉलोनी सहित अन्य कॉलोनी व मौहल्लों में जल भराव होने से स्थानीये लोगों को परेशानी का सामना करना पडा रहा है। लोगों की समस्याओं को देखते हुये इन स्थानों पर पम्प सेट लगवाकर स्थानीय लोगों को राहत दिलाई जाये ताकि क्षेत्र के लोगों को किसी तरह की परेशानी का सामना ना करना पडे। इसके साथ ही डॉ. गर्ग ने अधिकारियों से आपदा टीम गठित करने की सलाह देते हुये कहा है कि जैसे ही बरसात अथवा अन्य आपदा आने पर आपदा सक्रिय हो जाये और लोगों होने वाली परेशानी से निजात दिला सकें।

इसी तरह डॉ. गर्ग ने जिला कलक्टर से भरतपुर रीको रोड स्थित रेलव आवर ब्रिज का काय हान का वजह से लोगों के आवागमन में हो रही परेशानी को देखते हुये वैकल्पिक मार्ग बनाने के लिये कहा। उन्होंने कहा कि रेलवे फाटक संख्या 38 पर ओवर ब्रिज बनाया जा रहा है। इस मार्ग से कई गांवों का जुडाव है और भारी वाहनों का भी इस मार्ग से आवागमन होता है। ओवर ब्रिज कार्य शुरू होने से लोगों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पडा है। खुदाई कार्य होने से सडक मार्ग भी पूरी तरह से क्षितठास्त हो गया है ।

करौली को प्रथम स्थान

करौली । करौली जिले को परिवार कल्याण साधनों के कुशल प्रबंधन के लिए एफपीएलएमआईएस सॉफ्टवेयर में श्रेष्ठ उपलब्धि के प्रथम अवार्ड प्रदान किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में डिप्टी सीएमएचओ परिवार कल्याण डॉ सतीश चंद मीना, डीईओ छैल बिहारी सहित यूएनएफपीए प्रतिनिधि मनोज जांगिड़ ने प्राप्त किया। गौरतलब है कि यह अवार्ड जिले को एफपीएलएमआईएस सॉफ्टवेयर में चिकित्सा संस्थानों पर शून्य स्टॉक आउट,परिवार कल्याण साधनों का अवधिपार नही होना, शत् प्रतिशत एएनएम व आशाओं द्वारा परिवार नियोजन साधनों की ऑनलाइन मांग आदि बिंदुओं पर उत्कर्ष कार्य के लिए प्रदान किया गया है। सीएमएचओ डॉ जयंतीलाल मीना ने डिप्टी सीएमएचओ सहित फील्ड के कार्मिको को बधाई देते हुए टॉप पर बने रहने की इस प्रक्रिया को आगे भी इसी प्रकार जारी रखने के अपेक्षा जताई है।

नाला सफाई नहीं होने से जलभराव

भरतपुर (निस)। शहर के प्रमुख मार्ग कुम्हेर गेट पेट्रोल पंप से अनाह गेट टूरिस्ट होटल तक नाला सफाई का कार्य लंबे समय से नहीं हुआ है, जिसके चलते पूरे मार्ग पर जलभराव की स्थिति बन गई है। नालों का पानी सड़क तक बह रहा है और दुकानों के सामने जमा हो रहा है। इससे क्षेत्र के व्यापारियों और आमजन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि अभी मानसून शुरू नहीं हुआ है, फिर भी सड़कें बाढ़ जैसी स्थिति में हैं। पानी दुकानों के सामने भर जाने से ग्राहक नहीं आ पा रहे और व्यापार प्रभावित हो रहा है। अगर समय रहते नगर निगम द्वारा सफाई नहीं करवाई गई तो आगामी दिनों में स्थिति और भी बदतर हो सकती है।

दुकानदारों और नागरिकों ने नगर निगम आयुक्त से आठाह किया है कि इस मुख्य मार्ग की नाला सफाई कार्य को प्राथमिकता पर लेकर जल्द से जल्द समस्या का समाधान किया जाए ताकि आगामी मानसून से पहले आमजन को राहत मिल सके।

सार-समाचार

'संकल्प से सिद्धी' तक अभियान पर कार्यशला

भरतपुर (निस)। मोदी सरकार के 11वर्श पूर्ण होने पर पूरे देष में व्यापक रूप से चलाए जा रहे संकल्प से सिद्धी तक अभियान के अंतर्गत गोविन्द नगर स्थित बलभद्र स्कूल में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय मण्डल द्वारा कार्यषाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी भाजपा जिला अध्यक्ष षिवानीदायमा तथा विषिष्ठ अतिथि प्रदेष प्रवक्ता शैलेश कौषिक, जिला उपाध्यक्ष श्याम सुंदर गौड़ एवं मनोज खण्डेलवाल, जिला महामंत्री बृजेष अठावाल, जिला प्रवक्ता डॉ. वीरेन्द्र पचौरी, देवेन्द्र चामण्ड, उत्तम शर्मा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष गौरव सरपंच, आईटी जिला संयोजक अनिल गोयल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल संयोजक चन्द्रवीरजघीना ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिलाध्यक्ष षिवानीदायमा ने अपने उद्बोदन में मोदी सरकार की 11वर्श की उपलब्धियों का बखान करते हुए बताया कि मोदी सरकार ने किचिन से लेकर आवास तक की सुविधाएं आम जनता को मुहैया कराई हैं। किसानों को खाद-बीज पर सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है। प्राकृतिक प्रकोप की क्षित की भरपाई के लिए फसल बीमा योजना लागू की है। किसान सम्मान निधि की राषि बढ़ाकर किसानों को ऐसा तोहफा दिया है कि किसान मोदी सरकार की नीति-रीतियों से गदगद हैं। देष की सुरक्षा को मजबूती प्रदान की है और विष्व पटल पर भारत ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। कार्यक्रम में योग दिवस की तैयारियों को लेकर पूर्वाभ्यास किया गया। योग कार्यक्रम का संचालन स्कूल प्रधानाचार्य दीप्ति जैन ने किया। कार्यक्रम में सुनील सहनावली, देवराज सिंह, बृजभूषण षर्मा, राकेष, डॉ. लेखराज, कृष्णा षर्मा एड., अंकित शर्मा, जयपाल शर्मा, गिरीष भारद्वाज, वेदोलवानिया, दीपूसिकरौदा, मनीश पहलवान, राकेष वर्मा, योगा सहनावली आदि गण्यमान नागरिक उपस्थित थे। आगन्तुकों को मण्डल सह संयोजक वीरेन्द्र गुर्जर ने धनरूवाद प्रस्ताव दिया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन कृष्णा षर्मा ने किया।

समय प्रबंधन और अनुशासन को बताया सफलता की कुंजी

भरतपुर (निस)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड द्वारा अठासेन महिला विद्यापीठ में आयोजित कौशल विकास अभिरुचि शिविर में सहा. राज्य आयुक्त आलोक शर्मा ने कहा कि जीवन में वही लोग सफल होते हैं जो समय प्रबंधन, अनुशासन एवं अतिरिक्त प्रयास करते हैं। सफलता का मायना प्रसन्नता, सद्भाव, सहयोग, सदाचार, खुशी होती है।

समीक्षा बैठक का आयोजन

भरतपुर (निस)। राजस्थान ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय भरतपुर द्वारा शाखा प्रबंधको की व्यवसाय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। स्मारोह की अध्यक्षता करते हुए बैंक महाप्रबंधक शम्भू दयाल महावर जीने कहा कि किसानों को विकास की मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में बैंकों की भूमिका महत्वपूर्ण है और प्रदेश में राजस्थान ग्रामीण बैंक पूरी निष्ठा के साथ अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रहा है

बैंक महाप्रबंधक शम्भू दयाल महावर जीने क्षेत्र की सभी 72 शाखाओं के शाखा प्रबंधक एवं अन्य उपस्थित स्टाफ को संबोधित करते हुए बैंक द्वारा उपलब्ध करायी जा रही डिजीटल सेवाओं का लाभ त्वरित रूप से जन सामान्य को उपलब्ध कराने एवं बैंक द्वारा आवास, वाहन एव व्यापार ऋण में ब्याज सहित प्रोसेसिंग प्रभार में दी जा रही विशेष रियायतों का लाभ अधिकाधिक ग्राहकों तक पहुँचाने का आ ान किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बैंक राजस्थान राज्य के 41 जिलों में 1593 शाखाओं, के विस्तृत नेटवर्क के साथ ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में लगभग 02 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवाएं दे रहा है उन्होंने कहा कि बैंक भारत सरकार की वित्तीय समावेशन योजना, पीएम सूर्यघर योजना , पीएम विश्वकर्मा योजनान्तर्गत अहम भूमिका निभाते हुए उत्कृष्ट कार्य कर रहा है स्वयं सहायता समूहो को वित्तपोषित करने मे बैंक अहम भूमिका निभा रहा है ।

क्षेत्रीय प्रबन्धक सुनील कुमार अठावाल, क्षेत्री यव्यवसाय कार्यालय भरतपुर ने क्षेत्र की व्यावसायिक उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा कि सभी औधोगिक व संस्थागत ग्राहकों को भी स्तरीय बैंकिंग सेवायें प्रदान करने हेतु बैंक प्रतिबद्ध है।

स्वास्थ्य सेवाओं पर चर्चा

भरतपुर (निस)। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक बुधवार को जिला कलेक्टर अमित यादव की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में सम्पन्न हुई। उन्होंने विभागीय योजनाओं की समीक्षा कहते हुए कहा कि स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विभाग के कार्यों में लापरवाही या उदासीनता कतई क्षम्य नहीं होगा। बैठक में जिला कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और चिकित्सा संस्थानों के प्रभारियों को यह सुनिश्चित करने के आदेश दिए कि कोई भी योग्य और जरूरतमंद व्यक्ति स्वास्थ्य विभाग की किसी योजना के लाभ से वंचित नही रह पाए। उसकी यह शिकायत नही आई चाहिए कि उसे अस्पताल में दवा न, जांच ,उपचार और प्रोत्साहन राशि नही मिली।

उन्होंने सभी चिकित्सा संस्थानों पर संस्थागत प्रसव को बढ़ाने, आयुष्मान कार्ड के पात्र लाभार्थियों की शत प्रतिशत ई केवाईसी एएनएम व आशाओं के माध्यम से करवाने, आयुष्मान कार्ड वितरण करने, मौसमी बीमारियों पर विशेष ध्यान देने, एएनसी करने, चिकित्सा संस्थान पर उपस्थित रहने, टीकाकरण कवरेज पूर्ण करने, यू विन में एंट्री करने, एचपीआर आईडी बनाने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने सूचकांको में सुधार के लिए कार्य योजना अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए तथा टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत सभी गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को समय अनुसार सभी टीके पूर्ण करने साथ ही छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण करने के निर्देश दिये।

व्यर्थ बह रहा है पेयजल

करौली (निंसं.) करौली के चिकने फर्स के ऊपर चैराहे से विद्यालय को जाने वाले रास्ते की पाइपलाइन काफी पुरानी होने के कारण लाखों लीटर पेयजल रोज व्यर्थ बह रहा है।

चिकना फर्स निवासी शिवकुमार शर्मा हरदैनिया, शैलेंद्र, सुनील शर्मा, देवेंद्र पांचाल, जगदीश सोनी, आशा सोनी, राजू सहित कई लोगों ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर बताया कि चिकना फर्स के ऊपर चैराहे से सरकारी विद्यालय के रास्ते जाने वाली पानी की पाइपलाइन का टी पॉइंट काफी पुराना हो गया है।

इस चैराहे पर टी पॉइंट से 8 से 10 नलो के बराबर पानी रोजाना व्यर्थ बह जाता है इस टी पॉइंट को नया बदलवाने और लीकेज रोकने को लेकर लोगों ने मांग कि है।

जन आंदोलन का संदेश

भरतपुर (निस)। होम्योपैथिक चिकित्सक वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक विशेष पोस्टर विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। होम्योपैथिक चिकित्सक वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ रविन्द्र कुन्तल ने नशे के बढ़ते चलन को समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बताते हुए इसे रोकने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय सचिव लक्ष्मीकांत तिवारी ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के शरीर और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि उसके परिवार और समाज पर भी गहरा नकारात्मक प्रभाव डालता है। हम इस अभियान के माध्यम से प्रत्येक वर्ग को जोड़ना चाहते हैं, विशेषकर युवा पीढ़ी को जागरूक करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। महासचिव डॉ. चिराग गुप्ता ने बताया कि यह अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन है। पोस्टर, व्याख्यान, चिकित्सा शिविरों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश पहुँचाया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अंकुर सिंह ने कहा कि हमने विशेष रूप से ऐसे संदेशों को पोस्टर में शामिल किया है जो आमजन को सीधे तौर पर प्रभावित करें और उन्हें नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें। जल्द ही इसे स्कूल, कॉलेज व सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शित किया जाएगा। कार्यक्रम में शहर के होम्योपैथिक चिकित्सक, समाजसेवी एवं जागरूक नागरिक मौजूद रहे। सभी ने नशा मुक्त भारत के संकल्प के साथ अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र सिंह नरवरिया, डॉ राममोहन गुप्ता, डॉ हरीश कुमार,अध्यक्ष डॉ रविन्द्र कुन्तल,महासचिव डॉ चिराग गुप्ता,कोषाध्यक्ष डॉ कुलदीप गोयल,मीडिया प्रभारी डॉ हिमांशु चौधरी,डॉ अंकुर सिंह,डॉ गौरव दीक्षित,पी.आर.ओ.डॉ रोहित चौधरी , डॉ अमित सोनी आदि चिकित्सक उपस्थित रहे।

प्रभारी मंत्री आज व कल दौरे पर

करौला (निंसं.) गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग के राज्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम 20 जून शुक्रवार को दोपहर 2:00 बजे जिले की नादौती तहसील के बीलई में शहीद आराम सिंह जी की मूर्ति का अनावरण करेंगे इसके पश्चात सांय 7:00 बजें से श्रीमहावीर जी तहसील के अकबरपुर में आयोजित रात्रि चैपाल कार्यक्रम में भाग लेंगे।

मजदूर की मौत

करौली । करौली के लांगरा थाना क्षेत्र के आरामपुरा गांव में मार्बल पट्टियों से दबकर एक मजदूर की मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब भवन निर्माण के लिए मंगवाई गई मार्बल की पट्टियां ट्रक से उतारी जा रही थीं। आरामपुरा गांव निवासी प्रभु जाटव ने नागौर से मार्बल मंगवाया था। गूलर घटा क्षेत्र के कन्हैया माली अपने पुत्र राधे और अशोक सहित 8-10 मजदूरों के साथ मार्बल उतार रहे थे। इसी दौरान ट्रक में रखी मार्बल की पट्टियां अचानक खिसककर कन्हैया माली पर गिर गईं। साथी मजदूरों ने तुरंत मार्बल हटाकर कन्हैया को बाहर निकाला। उसे लांगरा हॉस्पिटल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को करौली हॉस्पिटल की मॉर्चरी में रखा गया ।

तैयारियों का जायजा लिया

करौला (निंसं.) जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने गुरूवार को श्रीमहावीरजी में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम श्री दिंगबंर जैन अतिशय क्षेत्र मंदिर परिसर में आयोजित योगा दिवस के संबंध में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने 21 जून को अधिक से अधिक अधिकारी, कर्मचारी एवं आमजन की योग दिवस पर भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भी कहा। उन्होंने बताया कि श्री महावीरजी में प्रातः 6.30 से 8 बजे तक योग दिवस आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा जिले में धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर करौली में श्री मदनमाहेन जी मंदिर परिसर, अंजनी माता मंदिर, शाहीकुण्ड, रणगंवा ताल, पांचना बांध, कैलादेवी मंदिर परिसर, सपोटरा में मॉ गुमानो देवी मंदिर प्रांगण, टोडाभीम में श्री मेंहदीपुर बालाजी मंदिर प्रांगण एवं नादौती में गढमोरा देवनारायण मंदिर परिसर सहित ।

'मेहंदीपुर बालाजी के लिए बनाया जायेगा अलग जीएसएस'

- 9 घंटे के बाद विधायक के आश्वासन पर हुआ धरना समाप्त
- अघोषित बिजली कटौती के विरोध में व्यापारियों ने किये बाज़ार बंद

मेंहदीपुर बालाजी। धार्मिक नगरी मेहंदीपुर बालाजी में अघोषित बिजली कटौती को लेकर व्यापारियों द्वारा किया जा रहा धरना प्रदर्शन नौ घंटे बाद विधायक विक्रम बंशीवाल के

आश्वासन के पर समाप्त हुआ। दरअसल बीते कई दिनों से अघोषित बिजली कटौती की बड़ी समस्या से जुझ रहे

मेहंदीपुर बालाजी के व्यापारियों ने बाजार बंद का ऐलान किया जहॉ बुधवार सुबह से ही व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान नहीं खोले जिसके चलते मुख्य बाजार, उदयपुरा रोड पर सन्नाटा पसरा वही बिजली समस्या को लेकर व्यापार मंडल के नेतृत्व में सभी दुकानदार एकजुट होकर

मुख्य बाजार में धरना प्रदर्शन करते हुए प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की ।वही श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते मंदिर में तो आवाजाही बनी हुई है, लेकिन बाजार में दुकानें बंद होने से खरीदारी नहीं कर पा रहे। इससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।धरना स्थल पर पहुंचे समस्या समाधान के लिये पहुके दौसा व करौली डिस्कॉम के अधिकारियों को भामाशाह भागीरथ सिंह ने जमकर खरी खोटी सुनाई और विघुतकर्मियो पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाये ।वहीं दौसा बिजली विभाग के एसई एमएल मीना ने व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि एक माह के अंदर बिजली समस्या का समाधान हो जायेगा वहीं ग्राम पंचायत की ओर एक बीघा ज़मीन अलोटमेट के बाद 15 दिवस में जीएसएस की सेंक्शन करवाने का वादा किया। इसके बाद सिकराय विधायक विक्रम बंसीवाल ने सभी दुकानदारों को मेंहदीपुर बालाजी के लिये अलग जीएसएस बनाने की घोषणा के साथ बिजली विभाग के अधिकारियों को सख़्त हिदायत देते हुए कहा कि व्यापारियो की किसी प्रकार की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो कार्रवाई की जायेगी । लोगो द्वारा स्थानीय कर्मचारियों पर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोप पर दौसा अधीक्षण अभियंता ने कहा कि व्यापारी भ्रष्टाचार करने वाले कर्मचारियों का नाम बताए।

पांच जने गिरफ्तार

हिंडौन सिटी । थाना सदर हिंडौन पुलिस ने रात्रि गस्त के दौरान अनावश्यक और संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते हुए 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर रेंज भरतपुर राहुल प्रकाश आईपीएस और जिला पुलिस अधीक्षक करौली बृजेश कुमार ज्योति उपाध्याय आईपीएस के निर्देशन में की गई है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए लोगों में सुनील पुत्र जगदीश उम्र 24 साल जाति मीना निवासी आगरी थाना सदर करौली, शिवकेश पुत्र हरकेश उम्र 24 साल जाति मीना निवासी आगरी थाना सदर करौली, रविशंकर पुत्र मदन उम्र 26 साल जाति मीना निवासी आगरी थाना सदर करौली, रामसिंह पुत्र रमेश चंद उम्र 26 साल जाति मीना निवासी बझेडा थाना सदर हिण्डोन और मुनीराज पुत्र छोटेलाल उम्र 35 साल जाति मीना निवासी रीठोली जिला करौली शामिल हैं।

राहत के साथ फिर उभरी मुश्किलें

हिण्डौन सिटी। गुरुवार शाम को हिण्डौन सिटी में प्री-मानसून की दूसरी बारिश ने एक बार फिर शहरवासियों को राहत और मुश्किलों के बीच झूलने को मजबूर कर दिया। शाम 5 बजे से करीब डेढ़ घंटे तक हुई झमाझम बारिश में 50 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जिसने उमस भरी गर्मी से तो राहत दी, लेकिन शहर की लचर जल निकासी व्यवस्था और नगर परिषद की नाकामी को फिर बेपर्दा कर दिया। मंगलवार को हुई पहली बारिश के बाद बुधवार की बारिश ने प्रमुख बाजारों और कॉलोनियों को लबालब कर दिया, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया और पिछले साल की बाढ़ की भयावह यादें ताजा हो गई।

उल्लेखनीय है कि गुरुवार शाम को लगभग डेढ़ घंटे तक हुई झमाझम बारिश ने कटरा बाजार, भायलापुरा, कम्बलबाल मार्केट, बयाना मार्ग, मनीराम पार्क, अस्पताल रोड और निकली कॉलोनी जैसे इलाकों को जलमग्न कर दिया। सड़कों पर तेज बहाव और दुकानों में पानी घुसने से व्यापारियों को भारी नुकसान हुआ। निचली कॉलोनियों में पानी भरने से लोगों को घरों से निकलना मुश्किल हो गया। वाहन चालक और राहगीर घुटनों तक पानी में चलने को मजबूर रहे।

पिछले साल बारिश के दौरान बाढ़ जैसे हालात ने शहर को थाम लिया था। बाजारों में पानी भरने से व्यापारियों को करोड़ों का नुकसान हुआ, दो लोगों की जान गई, और कई जानवर पानी में बह गए। उस दौरान दो महीने तक बाजार बंद रहे, और 20 दिनों तक लोग घरों में कैद रहे। प्रशासन और एनडीआरएफ की टीमें नावों से राहत सामग्री पहुंचाने को मजबूर थीं। संभागीय आयुक्त, जिला प्रशासन के आला अधिकारी और आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने प्रभावित इलाकों का दौरा कर स्थायी समाधान का वादा किया था। लेकिन मंगलवार और बुधवार की बारिश ने साबित कर दिया कि ये वादे कागजी ही रह गए। नालों में रुकावट और सफाई के अभाव ने इस बार भी जलभराव की स्थिति पैदा कर दी। लोगों का कहना है कि प्रशासन ने पिछले साल भरोसा दिया था कि नालों की सफाई और जल निकासी की व्यवस्था होगी, लेकिन कुछ नहीं हुआ। अगर अभी कदम नहीं उठाए गए, तो इस मानसून में फिर बाढ़ जैसे हालात बन सकते हैं।" शहरवासियों का कहना है कि अगर मानसून की भारी बारिश हुई, तो स्थिति और भयावह हो सकती है । शहरवासियों ने नगर परिषद और जिला प्रशासन से तत्काल नालों की सफाई और जल निकासी की पुख्ता व्यवस्था की मांग की है। व्यापारियों ने कहा है कि पिछले साल की बाढ़ ने हमें बर्बाद कर दिया था। इस बार भी वही हालात बन रहे हैं। प्रशासन की लापरवाही हमें भारी पड़ रही है।" लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। नगर परिषद और जिला प्रशासन की ओर से अभी तक कोई ठोस बयान या कार्रवाई नहीं दिखी है। मंगलवार की बारिश के बाद भी सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, और बुधवार की बारिश ने हालात को और बदतर कर दिया। शहरवासी अब मानसून की आगामी बारिश से पहले प्रशासन के जागने की उम्मीद कर रहे हैं।

3 चिकित्सा संस्थानों का औचक निरीक्षण

करौली । चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की आमजन तक समयानुरूप पहुंच की जानकारी हेतु सीएमएचओ डॉ. जयंतीलाल मीना ने सीएचसी सूरौठ, पीएचसी विजयपुरा और जिला अस्पताल हिंडौन का निरीक्षण कर संस्था पर साफ सफाई सहित कार्मिकों को ड्यूटी समय पर निर्धारित आईडी कार्ड और यूनिफॉर्म में रहने के निर्देश प्रदान किए। सीएमएचओ के द्वारा सीएचसी सूरौठ में एमओटी में टेबल सहित कमरे की सफाई, सैंपल कलेक्शन बढ़ाने, पीएमएसएमए की जांच का रजिस्टर अलग से बनाने, पीएनसी वार्ड में बेडशीट नियमित बदलवाने, लेबर रूम में सात ट्रे रखवाने, लेबर रूम को इनवर्टर से जुड़वाने जाते है।

पश्चिम मध्य रेल

खुली निविदा सूचना

सं. ईएल/50/एनआईटी/48(2025-26)
दिनांक 16.06.2025

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यो के लिए ई- निविदा आमंत्रित करते है, **निविदा संख्याः** ईएल/50/263/(2025 – 26), **कार्य का नाम :** कोटा मंडल के स्टेशनों पर प्रस्तावित वीडियो निगरानी प्रणाली (वीएसएस) के लिए विदयुत आपूर्ति व्यवस्था और एयर कंडीशनर का प्रावधान (आईआरपीएसएम में कार्य का नाम- 05 रेलवे स्टेशन अर्थात भवानीमंडी, रामगंजमंडी, बूंदी.गंगापुर सिटी और हिडौन में एकीकृत आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली (वीडियो निगरानी प्रणाली) का प्रावधान) **अनुमानित लागत रु. में :** 42,49,825.05, **बयाना राशि (रु. में) :** 85,000/-, **कार्य समाप्ति अवधि :** 6 माह, **निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समयः** 11-07-2025 को 15.00 बजे तक एवं खुलने का समय 15.15 बजे, ऑफर केवल ई-टेण्डरिंग के माध्यम से वेवसाईट **http://www.ireps.gov.in** पर स्वीकार किए जायेंगे। निविदा दाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुएली स्वीकार नही है निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कण्डीशन्स एवं शर्ते अवश्य पढ लें।

(हस्ता)
कृते वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

In The Court Of IV Civil Judge Class-II, District Court, Ujjain
**Presiding Officer : सुश्री सृष्